**प्रेस-नोट**

**थाना सीपरी बाजार, झाँसी**

**दिनाँक- 22.09.2025**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व वांछित के विरूद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही।**
- **दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनाँक 21.09.2025 को समय करीब 05:18 बजे थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चैकिंग के दौरान मुखविर की सूचना पर दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त विशाल अहिरवार पुत्र लालता अहिरवार निवासी ग्राम भोजला थाना सीपरी बाजार, झाँसी उम्र करीब 24 वर्ष को संबंधित म0अ0सं 354/2025 धारा 69/351(2) बीएनएस में राधिका आर्जिट के सामने बने यात्री प्रतिक्षालय कानपुर रोड हाईवे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को दिनांक 21.09.2025 को गिरफ्तार कर मा० न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल भेजा जा चुका है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनाँक 18.09.2025 को वादिया/पीड़िता द्वारा दी गयी तहरीर कि अभियुक्त/ सहपाठी विशाल अहिरवार पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम-भोजला थाना-सीपरी बाजार जिला-झाँसी द्वारा वादिया से विवाह का प्रस्ताव रख कर व दोनों परिवारीजन के मध्य विवाह के लिए सहमत होने के बाद दिनांक 29.04.2025 को समय करीब दोपहर 1:50 बजे प्रार्थिया को शापिंग कराने व खाना खिलाने को कहकर घर से द रियल फार्म, होटल एण्ड रेस्टोरेन्ट स्थित ग्वालियर शिवपुरी हाईवे के पास, पाल कलोनी झाँसी में ले जाकर वादिया/ पीड़िता की मर्जी के विरूद्ध दुष्कर्म करने एवं बाद में शादी से मना करते हुए अभियुक्त व अभियुक्त के भाई बॉबी द्वारा वादिया। पीड़िता को जाने से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना सीपरी बाजार पर मु०अ०सं० 354/2025 धारा 69/351 (2) बीएनएस बनाम 1. विशाल अहिरवार 2. बॉबी पुत्रगण लालता प्रसाद नि०गण ग्राम भोजला थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त विशाल अहिरवार को दिनांक 21.09.2025 को गिरफ्तार मा० न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता –**

विशाल अहिरवार पुत्र लालता अहिरवार निवासी ग्राम भोजला थाना सीपरी बाजार, झाँसी उम्र करीब 24 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. प्र०नि० विनोद कुमार मिश्र, थाना सीपरी बाजार
2. अतिरिक्त निरीक्षक श्री महेश चन्द्र,
3. का0 247 विजय कुमार सविता,
4. का0 261 चन्दन सिंह